## संक्षिप्त

### एंटी डेंगू गतिविधियां आयोजित होंगी

**टोंक,** (निसं)। डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माह जुलाई को डेंगू रोकथाम माह के रूप में मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य मानसून के दौरान फैलने वाले डेंगू रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए गतिविधियां संपादित करवाना है। सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि इसके तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन एंटी लार्वा व एंटी एडल्ट गतिविधियां जुलाई माह में आयोजित की जाएगी, ताकि बरसाती सीजन डेंगू के फैलाव कारण ना बने। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महबूब खान मंसूरी ने बताया कि पूरे माह घर-घर सर्वे, सोर्स रिडक्शन, जागरुकता, विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां, आयोजित कर सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि डेंगू रोग मादा एडीज इजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है। यह सफेद धब्बे वाला यानी चितकबरा दिखने वाला मच्छर होता है जो रुके हुए स्वच्छ पानी में पनपता है तथा ज्यादातर दिन में काटता है।

### रामलाल शर्मा का जताया आभार

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं शहर के सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खादी बाग चौमूं में कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए 47.10 लाख रुपयों की स्वीकृति मिलने पर विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा साफ़ा एवं माला पहनाकर आभार जताया। साथ ही खादी बाग़ विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पेयजल हेतु एक नलकूप की स्वीकृति मिली है। गौरतलब है कि हाल ही में विधानसभा क्षेत्र में संचालित 12 विधालयों में कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए 4.95 करोड रुपयों की स्वीकृति की गई है। इस मौके पर पूर्व पार्षद मोहनलाल यादव, प्रधानाचार्य अशोक कुमार वर्मा, रोहित दादरवाल, राजकुमार, अरुण शर्मा, रतनलाल, रमाकान्त नरेडा, कैलाश सैनी उपस्थित रहे।

### छात्रवृति वितरण समारोह कल

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा में विद्यार्थियों को पिछले 14 वर्षो से राठी फॉउण्डेशन के द्वारा प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उपरोक्त जानकारी देते हुए कैलाश चन्द बैनाडा ने बताया कि क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा जारी रखने में सहायक राठी फॉउण्डेशन द्वारा 6 जुलाई को एक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान सहायता राशि वितरण की जायेगी। इसी क्रम में आगे बताया कि फॉउण्डेशन के ट्रस्टी के.के. राठी एवं बी.के. राठी के द्वारा उक्त कार्यक्रम के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च अध्ययनार्थ 5 लाख रुपये से अधिक की राशि सहायता राशि का वितरण किया जाएगा। साथ ही आगे बताया कि अब तक जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 60 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि का वितरण किया जा चुका है।

### ग्रामीणों का धरना लगातार जारी

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज में गुरुवार को चतुर्भुज बचाओ आंदोलन का धरना प्रदर्शन श्री ध्यान जी महाराज की तपोस्थली पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में गांव चतुर्भुज, तरियाला, ढ ाणी रामनगर के ग्रामीणों के द्वारा दिया गया। इस दौरान गिरिराज भारती, तुलसी स्वामी, महेश धानका, विक्रम सैन, विक्रम धानका, हरिराम धानका, किशनलाल स्वामी, रोहित स्वामी, खेमचंद स्वामी, चन्द्र शेखर शर्मा व सत्यनारायण शर्मा सहित बडी संख्या में महिलायें मौजूद रही

### शिव परिवार का मनाया पाटोत्सव

**मालपुरा,** (निसं)। बारादरी रामचरित मानस मंडल के तत्वाधान में शहर के पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मंदिर मे गुरूवार को शिव परिवार का दसवां पाटोत्सव मनाया गया। पाटोत्सव के लाभार्थी सत्यनारायण विजय डूंगरी वाले के परिवारजनो ने विधि विधान से ओम नम: शिवाय के जाप के साथ पंचामृत से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। दोपहर मे महिला मंडल द्वारा सत्संग कर फुल बंगला झांकी सजाई गई। शिव पंचायत को भवान शिव के प्रिय बील पत्र चढ ा आरती के पश्चात बाल भोग प्रसादी का वितरण किया गया।

# इच्छा शक्ति मजबूत हो तो प्रत्येक समस्या का हल हो सकता है : कलेक्टर

**खैरथल,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सीईटीपी के प्रभावी एवं सुचारु संचालन तथा पानी के पुन: उपयोग के संबंध में भिवाडी रीको सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडा सलोनी खेमका, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विन के पंवार, क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड अमित शर्मा, एसपीवी के मेंबर सहित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। इसी के साथ जिला कलेक्टर ने सीएसआर के तहत औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर शुक्ला ने औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों का औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषित पानी को खुले में ना छोडने व भिवाडी जल भराव से निपटने के लिए किए गए सहयोग की सराहना की तथा कहा इच्छा शक्ति मजबूत हो तो कठिन से कठिन कार्य को भी आसान बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा इस मानसून में सहयोग करते हुए प्रदूषित



भिवाड़ी रीको सभागार में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों की बैठक ली।

पानी को प्राथमिक उपचार के उपरांत सीईटीपी को भिजवाने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने भिवाडी जल भराव से निपटने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताते हुए आगामी समय में बनाए गए प्लान-ड्रेनेज डीपीआर, 34 एमएलडी सहित अन्य उपाय के तहत समस्या का स्थाई समाधान किये जाने की बात कही ताकि भिवाडी को जल भराव की समस्या से नहीं जूझना पडे। जिला कलेक्टर ने बैठक के दौरान सभी औद्योगिक इकाइयों से उनके सुझाव एवं आ रही परेशानियों के बारे पूछा। प्रतिनिधियों ने भिवाडी जल भराव से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए साथ ही कुछ औद्योगिक इकाईयों को औपचारिक पानी न मिलने की बात से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने एसपीवी एवं क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को उन इकाइयों को सुचारू रूप से उपचारित पानी देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने एसपीवी सदस्यों को सीईटीपी प्लांट सुचारू एवं प्रभावी तरीके से चलाने के लिए निर्देशित किया। सीएसआर की बैठक में जिला उद्योग विभाग महाप्रबंधक सुरजीत सिंह खेरिया ने जिला कलेक्टर को सीएसआर के अंतर्गत आने वाली कंपनियों द्वारा गत

- **कलेक्टर ने भिवाड़ी जल भराव से निपटने के लिए किए गए सहयोग की सराहना की**

वित्तीय वर्ष में किए गए व्यय एवं कार्यों के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने औद्योगिक इकाई द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की और आगे भी इस प्रकार के कार्य करने की अपेक्षा की।

जिला कलेक्टर ने बैठक में जिले की प्राथमिकता के आधार पर सीएसआर के तहत कराए जाने वाले प्रमुख कार्यों पर चर्चा की। बैठक में प्राथमिकता के आधार पर प्रथम चरण में जिले की 30 आंगनबाडियों को मरम्मत व रंगरोगन कर 2 अक्टूबर तक आदर्श आंगनवाडी बनाने, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के इंफ्रास्ट्रक्चर और उपकरण, प्रत्येक पंचायत मुख्यालय पर लाइब्रेरी एवं जिला मुख्यालय लाइब्रेरी सहित सरकारी भवनों पर सोलर पैनल सीएसआर के माध्यम से लगाने पर चर्चा हुई।

### टॉप टेन में एक भगोड़ा गिरफ्तार

**देवली** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के दूनी थाना में भगोडे आरोपियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत दूनी पुलिस ने टॉप टेन भगोडे में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। दूनी थाना प्रभारी सरवर खा के अनुसार कमला नेहरू कनक विहार जयपुर निवासी सुनील पुत्र जगदीश विश्नोई के विरुद्ध एक एनआई एक्ट के तहत विचाराधीन मुकदमे में वह बीते तीन साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के प्रयास भी किया। लेकिन सफल नही हुई। इस दौरान जिले में चलाए गए अभियान के तहत हेडकांस्टेबल राजेश, पुलिसकर्मी भागचंद, विजय सिंह की टीम ने आरोपी भगोड़े को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी टॉप टेन में से पहला आरोपी है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# आशान्वित ब्लाक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

**टोंक,** (निसं)। आशान्वित ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपलू में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ गुरुवार को सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया एवं पंचायत समिति पीपलू की प्रधान रतनी देवी चंदेल ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी पीपलू कपिल शर्मा ने की। संपूर्णता अभियान के तहत चयनित 6 संकेतकों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं चयनित संकेतकों की शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर धरातल पर काम करने के लिए आवश्यक जानकारी एवं दिशा निर्देश



संपूर्णता अभियान का शुभारंभ सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया एवं पंचायत समिति पीपलू की प्रधान रतनी देवी चंदेल ने किया।

दिए गए। इस दौरान सीईओ ने ब्लॉक को सशक्त बनाकर आशान्वित ब्लॉक से प्रेरणादायक ब्लॉक बनाने की शपथ दिलावाई।

कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में बढ-चढकर हिस्सा लिया और पीपलू ब्लॉक के चहुंमुखी विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार एवं आमजन के पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में तहसीलदार इंद्रजीत सिंह चौहान, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, सीपीओ टोंक ओमप्रकाश मीणा, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. एनआर कुलदीप ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा, जिला परिषद सदस्य, ममता चौधरी, संतोष सोनी, रामफूल गुर्जर, कविता सैनी, श्योजी लाल जाट, रामलाल मीणा, राजेश खटीक, तुलसीराम गुर्जर, सरपंच शंकर लाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

# दीपिका ने 5000 मीटर दौड़ में पदक प्राप्त कर नाम रोशन किया

**राजगढ,** (निसं)। मन में कुछ करने का जज्बा हो एवं इरादे मजबूत हो तो कोई भी दुष्कर कार्य आसानी से सिद्ध किया जा सकता है। इसकी मिसाल बनी है छात्रा दीपिका पारीक। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 5000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दीपिका पारीक ने राजगढ क्षेत्र सहित परिवार का नाम रोशन किया है।

होनहार बेटी के राजगढ पहुंचने पर अनेक संगठनों ने स्वागत किया। ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण एवं साफा बांधकर आधा दर्जन संगठन में प्रतिभा के उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस थाना के पास, धाबाई मोहल्ला राजगढ निवासी दीपिका पारीक पुत्री दिनेश पारीक मैं 25 जून को दिल्ली में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 मीटर दौड में पदक प्राप्त किया। लायंस क्लब की ओर से अध्यक्ष प्रदीप महावर, ब्राह्मण समाज की ओर से



ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण एवं साफा बांधकर दीपिका पारीक के उज्जवल भविष्य की कामना की।

राजेश शर्मा ठेकेदार, भारत विकास परिषद अध्यक्ष पदमा गोयल, कला संगम के किशोर मुखर्जी, यूनियन स्पोर्ट्स के रमेश करोल एवं पंचायती पुस्तकालय एवं वाच नालय के भूपेंद्र शर्मा, अन्य संगठनों की ओर से प्रतिभाशाली बालिका का स्वागत किया।इस अवसर पर डॉ के एम गुप्ता, खेम सिंह आर्य, आजाद पारीक, मोहन बोहराकाय, रश्मि विजय, प्रीति शर्मा, की मौजूदगी मै सभी ने एथलीट बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पानी, विद्युत, राजस्व से संबंधित विभिन्न समस्याये सुनी

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग जयपुर एवं जिला कलक्टर नीमकाथाना द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों की पालना में आमजन की परिवेदना, समस्याओं की सुनवाई का त्वरित समाधान हेतु माह जुलाई 2024 के प्रथम गुरूवार 4 जुलाई को प्रात: 11 से 2 बजे तक ग्राम पंचायत कोटडी सिमारला में जिला कलक्टर नीमकाथाना शरद मेहरा की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर ने बताया कि जनसुनवाई में आमजन की पेयजल, विधुत, राजस्व, पंचायती राज विभाग से सम्बन्धित विभिन्न समस्याये सुनी गई और इनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उक्त जनसुनवाई में विद्युत विभाग के 3 प्रकरण, राजस्व विभाग के 5 प्रकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग के 6 प्रकरण पंचायत राज विभाग के 6 प्रकरण, सार्वजनिक निमाण विभाग के 2 प्रकरण तथा जलदाय विभाग के 3 प्रकरण प्राप्त हुये है। इस प्रकार जनसुनवाई में कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभाग से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निद्रेश प्रदान किये तथा सभी विभागों को ग्राम स्तर के जनता से जुडे छोटे प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही प्राप्त परिवादों का सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड कर नियत समय पर नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश गये। जनसुनवाई के पश्चात शरद मेहरा जिला कलक्टर नीमकाथाना व अनिल कुमार उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर द्वारा ग्राम पंचायत कोटडी सिमारला परिसर में पौधारोपण भी किया गया। उक्त जनसुनवाई में अनिल कुमार, उपखण्ड अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता पीएचईडी, सहायक निदेशक महिला बाल विकास विभाग, विकास अधिकारी पंचायत समिति अजीतगढ , श्रीमती विमला झरवाल सरपंच ग्राम पंचायत कोटडी सिमारला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाएं : कलेक्टर

**टोंक,** (निसं)। टोंक उपखंड की ग्राम पंचायत पराना में गुरुवार को आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर कहा कि आमजन की पेयजल, विद्युत एवं चिकित्सा संबंधी शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किया जाएं। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर

- **विकास अधिकारी से पौधारोपण अभियान की प्रगति की जानकारी ली**

नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम, दूसरे एवं तीसरे गुरुवार को ग्राम, उपखंड एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जनसुनवाई में आने वाले परिवादियों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध सीमा में किया जाएं। जिला कलेक्टर



कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्राम पंचायत के परिसर में पौधारोपण कर आमजन से अधिकाधिक पेड़ लगाने की अपील की।

ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्राम पंचायत के परिसर में पौधारोपण कर आमजन से अधिकाधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी 3 माह पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी निभाकर प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का निर्वाह कर सकते है। उन्होंने विकास अधिकारी सविता राठौड से टोंक ब्लॉक में पौधारोपण अभियान की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी, तहसीलदार रामधन गुर्जर एवं सरपंच गिर्राज जाट समेत अन्य मौजूद थे।

### 30 ट्रॉली बजरी का स्टॉक जब्त

**देवली** (निसं)। जिला मुख्यालय टोंक में बजरी माफिया द्वारा पुलिस सिपाही की हत्या के बाद गुरुवार को यहां बजरी माफिया के विरुद्ध प्रशासनिक अधिकारियों की नींद खुली है। गुरुवार को देवली तहसीलदार ने उपखंड क्षेत्र के राजमहल पंचायत के नयागांव में दोपहर 3 बजे बजरी के अवैध स्टॉक पर जब्ती की कार्रवाई की है। वही मौके पर तहसीलदार शक्तावत ने एक बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली भी पकडी। यहां जानकारी में बताया कि अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली स्टॉक पर बजरी खाली कर रही थी। इसी दौरान अवैध बजरी खनन परिवहन पर ट्रैक्टर के विरुद्ध की गई है। टोंक जिला मुख्यालय पर पुलिस जवान की हत्या के बाद गुरुवार को यहां उच्च अधिकारियों के निर्देश पर देवली तहसीलदार वीरेंद्र सिंह गिरदावर भंवर रणजीत सिंह के साथ पटवारी प्रियंका जाट समेत राजस्व कर्मचारी दल ने राजमहल पंचायत में नयागांव पहुंचे यहां तहसीलदार ने पाया कि गैर मुमकिन आबादी बाडा क्षेत्र में भारी मात्रा में बनास बजरी का अवैध स्टॉक किया हुआ था। इसी दौरान मौके पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक बजरी खाली कर रहा था। जिसे राजस्व कर्मचारियों के दल ने पकड लिया। वही मौके पर बजरी के स्टॉक को जप्त कर बजरी का आकलन किया।

## सार-समाचार

### जेके सिंह का स्कॉलरशिप के लिए चयन



**पावटा,** (निसं)। विराटनगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमली के छात्र का नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप के लिए चयन होने पर विद्यालय परिवार द्वारा समान किया गया। गौरतलब है कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा 2023-24 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमली के विद्यार्थी जे के सिंह सिंधु ने सफलता प्राप्त की। इससे पूर्व भी तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इस अवसर पर विद्यालय से चयनित छात्र जे के सिंधु का विद्यालय स्टाफ दुर्गादत्त भारद्वाज प्रधानाचार्य, भूपेंद्र, राजेंद्र बुनकर, विक्रम यादव व्यायाता सायरमल नागर, मदन शर्मा, राजेंद्र मीना, दाताराम गुर्जर, राजेंद्र गुप्ता, रामेश्वर धोबी, अनिता बाई, अर्चना द्वारा स्वागत किया गया।

### कलेक्टर ने शुरू किया सम्पूर्णता अभियान

**कोटपूतली,** (निसं)। जिले के नीमराना ब्लॉक में नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान की शुरुआत जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने नीमराना के रामलीला मैदान में द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला कलेक्टर ने पौधारोपण अभियान के तहत एक पौधा लगाकर कार्यक्रम को विधिवत शुरु किया गया। अभियान के तहत 06 सूचकांक आकांक्षी जिला और 06 सूचकांक आकांक्षी प्रखंड से संबंधित है। दोनों ही स्तर पर 30 सितम्बर तक पूरा करना है। सम्पूर्णता अभियान के तहत कोटपूतली-बहरोड जिला और नीमराना प्रखंड को आकांक्षी जिला और प्रखंड चयनित किया गया है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, शिक्षा के 06 सूचकांक निर्धारित कर तीन माह यानी 04 जुलाई से 30 सितंबर तक शत् प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करनी है। जिला कलेक्टर ने बताया कि सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत 06 सूचकांक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण बढ ाना, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच शत -प्रतिशत करना, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषाहार में सुधार लाते हुये शत-प्रतिशत उपलब्धि हांसिल करना, किसानों के खेत की मिट्टी जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, राजीविका द्वारा समूह ऋण बढ ाते हुए ससमय ऋण देना और वसूली करना शामिल है। इस दौरान प्रधान संतोष यादव, पूर्व प्रधान बलवान सिंह यादव, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि शिवचरण गुप्ता, वाईस चेयरमैन जसवंत यादव, एसडीएम पंकज बडगूजर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कृषि संकाय में पढ़ने वाली छात्राओं को मिलेंगी प्रोत्साहन राशी

**कोटपूतली,** (निसं)। कृषि विषय में अध्ययन करने वाली छात्राओं को कृषि विभाग प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायेगा। इसके तहत 11 वीं व 12 वीं कक्षा के लिए प्रतिवर्ष 15 हजार, कृषि स्नातक शिक्षा जैसे उद्यानिकी, डेयरी, कृषि अभियांत्रिकी, खाद्य प्रसंस्करण आदि में छात्राओं को 04 वर्षीय पाठ्यक्रम तथा कृषि स्नातकोत्तर शिक्षा में दो वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्रतिवर्ष 25 हजार तथा पीएचडी के लिए तीन वर्ष के लिए 40 हजार रूपए प्रतिवर्ष की दर से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिए 01 जुलाई से ऑनलाईन आवेदन शुरू हो चुके है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है। ई-मित्र के माध्यम से या छात्रा स्वयं की एसएसओ आईडी से राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते है। संयुक्त निदेशक कृषि महेन्द्र कुमार जैन ने सभी विद्यालय अथवा महाविद्यालय के संस्था प्रधानों को छात्राओं को अधिक आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है। सत्र के मध्य स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय छोडकर जाने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशि नहीं मिलेगी। प्रोत्साहन राशि के लिए पहली बार आवेदन के लिए गत वर्ष की अंकतालिका, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा जन आधार कार्ड आवश्यक है। संयुक्त निदेशक कृषि महेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि कृषि विषय में अध्ययन करने वाली उन छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जावेगी जो राजस्थान की मूल निवासी है और राजकीय एवं राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत होगीं। गत वर्ष अनुतीर्ण अथवा श्रेणी सुधार के लिए अगली कक्षा में प्रवेश लेने पर छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देय नहीं होगी।

### जलदाय विभाग में पौधारोपण प्रारंभ

**दौसा,** (निसं)। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता रामनिवास मीणा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति कम से कम दो-दो पेड लगाए। मीणा ने यह बात गुरुवार को दौसा स्थित जलदाय विभाग के वृत कार्यालय परिसर में पौधारोपण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से जिले में छितराई हुई बारिश के कारण मानसून की स्थिति कमजोर रही है, लेकिन इस बार मानसून जिले पर मेहरबान होकर बरस रहा है, ऐसे में इस समय लगाए गए पेड आसानी से लग भी जाएंगे। इस दौरान उन्होने बताया कि जिले में संचालित विभाग के कार्यालयों में 132 पेड का पौधारोपण किया जा चुका है। उन्होने कहा कि आगामी दिवसों में विभाग की ओर से लगभग 250 से 500 पौधों का पौधारोपण किया जाना लक्षित है। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से कहा कि पेड लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी आवश्यक है। इस दौरान कार्यालय में उपस्थित अभियंताओं एवं कार्मिकों से अनुरोध किया कि वह भी कम से कम दो-दो पेड अवश्य लगावे। इस दौरान अधिशासी अभियंता एवं तकनीकी सहायक अंकित कुमार जैन, अधिशासी अभियंता बीएल मीणा, अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मीणा, सहायक अभियंता जगराम मीणा, सहायक अभियंता शिवचरण मीणा, सहायक अभियंता एवं तकनीकी सहायक रेखा मीणा, सहायक अभियंता राजेश कुमार मीना आदि मौजूद थे।

## नवीन जिलों के पुनर्गठन से सांभर को फिर बंधी जिले की आस

**सांभरझील,** (निसं)। निवर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत दूदू को जिला बनाने के बाद सांभर जिले की दौड से लगभग बाहर ही हो गया था लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संज्ञान में मामला आने के बाद कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जिन नवीन जिलों का गठन किया गया था उनमें बहुत से प्रशासनिक एवं तकनीकी पेंच फंसे हुए हैं।

इसी आधार पर यह भी माना जा रहा है कि इस मामले में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने भी सरकार से इसके लिए नवीन जिलों के पुनर्गठन के संबंध में अपनी राय भी प्रकट की है। इसी आधार पर नवीन जिलों के पुनर्गठन के लिए गठित की गई कमेटी को इसके लिए विशेष तौर पर नियुक्त किए जाने के बाद सांभर उपखंड को स्वतंत्र रूप से जिला घोषित किए जाने की एक बार चर्चा को फिर से पंख लगे हैं। विगत कई दिनों से लोगों में भी यह अच्छा खासा चर्चा का विषय बना हुआ है कि दूदू जिला को सरकार 100 फीसदी कैंसिल कर सकती है और सांभर इसमें प्रमुखता से अपना स्थान ग्रहण करेगा। वर्ष 1952 से लगातार सांभर को जिला बनाने की चल रही मांग के बावजूद आज तक सांभर जिले से वंचित है। इसी संदर्भ में आज सांभर समाज जयपुर का एक प्रतिनिधिमंडल राजस्व जिलों के पुनर्गठन समिति के अध्यक्ष ललित के पंवार से मिला और सांभर को जिला बनाने के लिए तथ्यात्मक रूप से पक्ष प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल में पीसी अग्रवाल, डा. सुरेन्द्र काला, सांभर समाज जयपुर के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरडी अठावाल, महासचिव पंकज कालानी, वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज अग्रवाल और रमेश सांभरिया व कैलाश शर्मा ने जब मुलाकात की तो बताया कि उनका पूरा पक्ष सुना और अपनी तरफ से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्हें सांभर के पौराणिक, ऐतिहासिक, रियासत कालीन और ब्रिटिश कालीन परिदृश्य की जानकारी दी गई और आजादी से अब तक के हालातों के बारे में बताया, सभी ने सांभर को जिला बनाने की मांग रखी। भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा का कहना है कि हमारी सरकार की सोच हमेशा सकारात्मक रही है और सांभर के साथ जो पूर्ववर्ती सरकार ने सौतेला व्यवहार किया था निश्चित रूप से अब जो सरकार की कवायद चल रही है उससे निश्चित रूप से सांभर नवीन जिले की श्रेणी में आएगा, इसमें कोई दो राय नहीं है।